## प्रथम संकलनात्मक परीक्षा-VII

## विषय : हिन्दी

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

### (खण्ड-क)

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

'अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत।' बिना विचारे कार्य करने वाला हमेशा पछताता है। अतः कार्य को प्रारंभ करने से पहले भली प्रकार से सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए। जिस प्रकार मुँह से निकली बात, कमान से छूटा तीर वापस नहीं आता, उसी प्रकार बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता। अतः उचित समय पर उचित निर्णय लेना ही मानव का परम कर्तव्य है। सोच-समझकर, विचारपूर्वक आगे बढ़ना ही सफलता का मूल मंत्र है। जो बात हो चुकी उस पर चिंता करना, खेद करना, पश्चाताप करना व्यर्थ है, क्योंकि इससे कोई लाभ नहीं। यदि पृथ्वीराज, मोहम्मद गौरी के विषैले दाँतों को पहली बार हराते ही तोड़ देता, तो भारत का इतिहास कुछ और ही होता। कैकेयी के अविवेकपूर्ण निर्णय से न केवल उसे ही दुख उठाना पड़ा बल्कि वह स्वयं भी सामाजिक निंदा का शिकार बनी। बाद में उसने अपने किए पर पश्चाताप भी किया, परंतु सब व्यर्थ रहा। हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि बिना सोचे-विचारे कोई कार्य नहीं करना चाहिए। इसका परिणाम सदैव बुरा होता है।

(क) व्यक्ति को कार्य सोच-समझकर क्यों करना चाहिए। (1)

(ख) मनुष्य का परम कर्तव्य क्या है? (1)

(ग) कैकेयी के अविवेकपूर्ण निर्णय का उसे क्या परिणाम भुगतना पड़ा? (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

बहुत दिनों से सोच रहा था, थोड़ी धरती पाऊँ,<br>
उस धरती में बाग-बगीचा, जो हो सके लगाऊँ।<br>
खिलें फूल-फल, चिड़ियाँ बोलें, प्यारी खुशबू डोले,<br>
ताजी हवा जलाशय में अपना हर अंग भिगो ले।<br>
हो सकता है पास तुम्हारे, अपनी कुछ धरती हो,<br>
फूल-फल लदे उपवन हों, क्यारी महक रही हो<br>
छोटी-सी खेती हो जो फसलों से लहक रही हो।<br>
हो सकता है कहीं बगिया में पक्षी झूम रहे हों।<br>
तो विनती है यही, कभी मत उस दुनिया को खोना,<br>
पेड़ों को मत कटने देना, मत चिड़िया को रोने देना।

(क) कवि की क्या इच्छा है और क्यों? (2)

(ख) उपर्युक्त काव्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है? (1)

प्र3. नीचे दिए विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए:-

(क) देश हमारा सबसे प्यारा (6)

(ख) कंप्यूटर : आज की आवश्यकता

(ग) एक डॉक्टर की आत्मकथा

प्र4. बस चालक द्वारा विद्यालय की बस तेज गति से चलाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। (4)

अथवा

अपने मित्र को पत्र लिखकर बताइए कि आपने कैसे एक घायल पक्षी की मदद की।

प्र5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा छाँटकर भेद लिखिए :- (2)

(i) हमें बुराई से बचना चाहिए।

(ii) गांधी जी को सभी याद करते हैं।

(ख) भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए :- (1)

निकट, गहरा

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों का लिंग परिवर्तन कर वाक्य पुनः लिखिए :- (2)

(i) मंदिर में <u>पुजारी</u> ने सभी को प्रसाद बाँटा।

(ii) <u>गायिका</u> ने अपने मधुर संगीत से सबका मन मोह लिया।

(घ) एकवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग कब किया जाता है। उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में कारक की अशुद्धियों को दूर कर वाक्य को पुनः लिखिए :- (2)

(i) वह पढ़ने से विद्यालय आया।

(ii) रितेश सब बालकों का श्रेष्ठ है।

(ख) रिक्त स्थानों में उचित कारक चिह्न का प्रयोग कीजिए :- (1)

दादा जी ________ घड़ी मेज़ ________ रखी है।

(ग) आदर सूचक 'आप' और निजवाचक 'आप' का अन्तर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। (2)

(घ) उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए :- (2)

(i) वाह क्या दृश्य है

(ii) मोहन दाल रोटी खाता है

प्र7. (क) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :- (1)

(i) जानने की इच्छा रखने वाला।

(ii) जहाँ जाना कठिन हो।

(ख) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (2)

आँख, घोड़ा

(ग) 'पाप-अपराध' शब्दों से इस प्रकार वाक्य बनाइए कि दोनों का अर्थ स्पष्ट हो जाए। (2)

**(खण्ड-ख)**

प्र8. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।





जब किसी ढब से निकल तिनका गया,
तब समझ ने यों मुझे ताने दिए।
ऐंठता तू किसलिए इतना रहा,
एक तिनका है बहुत तेरे लिए।

(i) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई? (2)

(ii) घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए आस-पास के लोगों ने क्या किया? (2)

(iii) प्रस्तुत काव्यांश की भाषागत् विशेषताएँ लिखिए। (1)

(ख) नीड़ न दो चाहे टहनी का
आश्रय छिन्न भिन्न कर डालो,
लेकिन पंख दिए हैं तो
आकुल उड़ान में विघ्न न डालो।

(i) पक्षी मनुष्य से क्या प्रार्थना कर रहे हैं? (2)

(ii) प्रस्तुत पद्यांश की कविता व कवि का नाम बताइए। (1)

(ग) (i) शाम-एक किसान कविता में किस समय का वर्णन है? (1)

(ii) पक्षी उन्मुक्त रहकर कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं? (2)

प्र9. निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

(क) प्रतिदिन इसी प्रकार उस मुरलीवाले की चर्चा होती। प्रतिदिन नगर की प्रत्येक गली में उसका मादक, मृदुल स्वर सुनाई पड़ता - बच्चों को बहलाने वाला मुरलियावाला। रोहिणी ने भी मुरलीवाले का यह स्वर सुना। तुरंत ही उसे खिलौने वाले का स्मरण हो आया। उसने मन ही मन कहा - खिलौने वाला भी इसी तरह गा गाकर खिलौने बेचा करता था। रोहिणी उठकर अपने पिता विजय बाबू के पास गई - "ज़रा मुरलीवाले को बुलाओ तो, चुन्नू-मुन्नू के लिए ले लूँ। क्या पता यह

फिर इधर आए, न आए। वे भी जान पड़ता है, पार्क में खेलने निकल गए हैं।"

(i) मुरलीवाले का स्वर कैसा था? उसका रोहिणी पर क्या प्रभाव पड़ा? (2)

(ii) विजय बाबू कौन थे? रोहिणी ने उनसे क्या कहा? (1)

(ख) यों तो एनीमिया बहुत-से कारणों से हो सकता है, किंतु हमारे देश में इसका कारण पौष्टिक आहार की कमी है। इसके अलावा इस रोग का एक और बड़ा कारण है पेट में कीड़ों का हो जाना। ये कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। अतः इनसे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम पूरी सफ़ाई से बनाए गए खाद्य पदार्थ ही ग्रहण करें। भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धो लें और साफ़ पानी ही पिएँ।

(i) हमारे देश में एनीमिया होने का सबसे बड़ा कारण क्या है? (1)

(ii) कीड़े किस प्रकार हमारे शरीर में प्रवेश करते है? (2)

प्र10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए : (3x2=6)

(i) ब्लड-बैंक में रक्तदान से क्या लाभ हैं?

(ii) किन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास का जीवन संपन्नता से भरा था और किन बातों से ज्ञात होता है कि वह सुखी नहीं था?

प्र11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : (2x3=6)

(i) माधवदास क्यों बार-बार चिड़िया से कहता है कि यह बगीचा तुम्हारा ही है? क्या वह निःस्वार्थ भाव से ऐसा कह रहा था?

(ii) मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

(iii) रक्त के सफ़ेद कणों को 'वीर सिपाही' क्यों कहा जाता है?





प्र12. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- (2)

निहारना, उपयुक्त, परिचित, व्यसन

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (2)

दस्तक, अनुमान

प्र13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए : (3x3=9)

(i) नील गाय को देखकर अम्मा को अपने बचपन की किस घटना का स्मरण हो आया?

(ii) फुदको रानी का घोंसला कैसा था?

(iii) अम्मा ने मुर्गे-मुर्गियों के नाम किस आधार पर रखे थे?

प्र14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षिप्त रूप में लिखिए : (3x1=3)

(i) अम्मा के पति कहाँ काम करते थे?

(ii) उमेश कौन था? उसका क्या काम था?

(iii) दादा जी ने मुर्गियाँ पालने का क्या कारण बताया था?